Headline: - Rajasthan Education Summit 2026: Deliberations on AI Adoption, Digital Transformation, and Skill Development

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
2nd June 2026	**Rajasthan Patrika**	All

राजस्थान एजुकेशन समिट 2026

एआइ उपयोग, डिजिटल परिवर्तन और कौशल विकास पर मंथन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. राजस्थान को एआइ आधारित शिक्षा, नवाचार और कुशल मानव संसाधन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में मंथन राजधानी में आयोजित राजस्थान एजुकेशन समिट 2026 में हुआ। समिट एसोचैम राजस्थान स्टेट काउंसिल और आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। यह 'एआइ आधारित शिक्षा एवं विजन 2030 के माध्यम से राजस्थान को सशक्त बनाना' विषय पर हुआ। समिट में 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एआइ का जिम्मेदार उपयोग, शिक्षा एवं उद्योग जगत का सहयोग, डिजिटल परिवर्तन, कौशल विकास, नवाचार आधारित शिक्षण और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ पी.आर. सोडानी ने कहा कि शिक्षा का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम तकनीक को मानव-केंद्रित शिक्षण के साथ कितने प्रभावी ढंग से जोड़ पाते हैं।